2020/60007

फर्द अहकाम
(नियम–26)
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़ (राज0)

श्री डालचन्द पिता भारमल लौहार निवासी नाथीखेड़ा पो. उचनारखुर्द तहसील कपासन

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं उप पंजीयक, कपासन

किस्म प्रकरण अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

प्रकरण संख्या 07 /2020

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
10.01.2020	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अपीलार्थी श्री डालचन्द पिता भारमल लौहार निवासी नाथीखेड़ा पो. उचनारखुर्द तहसील कपासन ने सूचना प्राप्ति हेतु एक आवेदन दिनांक 21.10.2019 को लोक सूचना अधिकारी एवं उप पंजीयक, कपासन के कार्यालय में प्रस्तुत किया। लोक सूचना अधिकारी एवं उप पंजीयक, कपासन द्वारा प्रार्थी को उक्त आवेदन से चाही गई सूचनाऐं उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील इस कार्यालय को प्रस्तुत की गई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि यह कार्यालय लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) का अपीलीय प्राधिकारी होकर लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत निर्धारित अवधि में सूचना उपलब्ध नही कराने पर ही अपील ग्रहण करता है लोक सूचना अधिकारी एवं उप पंजीयक, कपासन के विरूद्ध प्रस्तुत अपील पर इस कार्यालय द्वारा सुनवाई नही की जा सकती है। अतः अपीलार्थी को संबंधित अपीलीय प्राधिकारी (महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग, राजस्थान, अजमेर) के यहां अपील प्रस्तुत करने के निर्देशों के साथ अपील निस्तारित की जाती है। निर्णय की प्रति संबंधित को प्रेषित की जावे। 10/01/20 (चेतन देवड़ा) **लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी** (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़ (राज.)	

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Chetan Ram Deora
Date: 2020.01.13 19:04:53 IST
Reason: SelfAttested